हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, रविवार 4 मई 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

खनिजों का अवैध परिवहन करते 2 ट्रेक्टर जप्त

मण्डला। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायत के आधार पर तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार शनिवार 3 मई को ग्राम चिरईडोंगरी में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त दो वाहन महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेडटी 9643 एवं महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेडडी 6195 को नैनपुर क्षेत्र अन्तर्गत खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी, चौकी पाण्डीवारा की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके 5 मई को आदि उत्सव कार्यक्रम में आयेंगे

मण्डला। केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार 5 मई 2025 को प्रातः 8 बजे सर्किटहाउस जबलपुर से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे। आप प्रातः 10 बजे मंडला आगमन कर आदि उत्सव कार्यक्रम एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के बाद दोपहर 3 बजे मंडला से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम 4 मई को आदि उत्सव कार्यक्रम में आयेंगे

मण्डला। केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम जनजाति मंत्रालय भारत सरकार 4 मई 2025 को प्रातः 9 बजे सर्किटहाउस जबलपुर से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे। आप प्रातः 11 बजे मंडला आगमन कर आदि उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद दोपहर 3 बजे मंडला से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

फर्जी दस्तावेज़, मौन अफ़सरशाही और अब न्यायपालिका की चेतावनी

मंडला की ट्रेजरी में नियुक्ति पर उठे सवाल

*** ट्रेजरी में पदस्थ लिपिक की संदिग्ध नियुक्ति का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



IN THE HIGH COURT OF MADHYA PRADESH
AT JABALPUR
WP No. 29513 of 2024

Dated : 29-04-2025

Shri Prabhat Kumar Yadav - Advocate for petitioner

Shri Pramod Kumar Pandey - Government Advocate for respondents No. 1 to 4/State

Issue notices to respondents on payment of process fee within seven days, returnable within four weeks.

List the matter after four weeks.

(VISHAL DHAGAT)
JUDGE

आदिवासी बाहुल्य जिले में तरह तरह के भ्रष्टाचार, ग़बन, और पद का दुरुपयोग करते हुए जम के फर्जीबाड़ा किया जा रहा हैं। और जब शासन के और जनता के बीच पारदर्शिता के लिये एक अधिनियम बनाया गया है जो वह भी अब अफ़सरशाही ने अपना गुलाम बना लिया और उसे अपने तरीके से पेश करते है। जहाँ एक ओर सरकारें पारदर्शिता और ईमानदारी का दावा करती हैं, वहीं दूसरी ओर मंडला ट्रेजरी में लिपिक पद में पदस्थ एक लोक सेवक की संदिग्ध नियुक्ति ने इन दावों की पोल खोलकर रख दी है। आरोप है कि स्वेता उइके नाम की महिला कर्मी ने प्रथम नियुक्ति के समय कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग (फर्जी अंकसूची) और अन्य प्रमाण पत्र के सहारे सरकारी नौकरी हासिल की, और हैरानी की बात यह है कि पूरा सरकारी तंत्र इस घोटाले को दबाने में जुटा नजर आ रहा है। वही दूसरी और अपनी अफसरों ने उसे बचाने हर संभव प्रयास करे रहे नई नई धाराये नए नए उपाय ढूंढ रहें हैं।

इस गंदगी को उजागर करने की कोशिश की RTI कार्यकर्ता मुकेश श्रीवास ने। उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत ट्रेजरी अधिकारी मंडला से स्वेता उइके के द्वारा प्रथम नियुक्ति के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत अपने शैक्षणिक योग्यता एंव अन्य प्रमाण पत्रों की जानकारी मांगी थी जो कि वह शासकीय दस्तावेजों की श्रेणी में आते है और वह नियमतः वह देय योग्य है और शासन के नियम और RTI एक्ट के अंतर्गत वह एक लोक सेवक के दस्तावेज है और शासकीय कार्यालय में जमा उपरांत वह शासकीय दस्तावेजों की श्रेणी में आते है और वह माँगे जाने पर प्रदाय योग्य है पर जानकारी न प्रदाय करना इससे स्पस्ट होता है कि माँग की गई जानकारी जब सार्वजनिक है लोक हित एंव पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए प्रदाय की जा सकती है तो कही न कही वरिष्ट अधिकारियों के द्वारा अधिनियम को माजक और अपना गुलाम बनाते हुए आवेदक को भ्रामक जानकारी देना या भ्रामक पत्र जानकारी करना सूचना अधिकार अधिनियम की अव्हेलना के अंतर्गत आता है जो कि धारा 18 में शिकायत योग्य हैं जिसमे उन्हें अधिनिमय के तहत दण्डित करने का प्रावधान भी बनाया गया है। पर एक सीधी, स्पष्ट और कानूनी मांग। लेकिन जो जवाब मिला वह सरकारी व्यवस्था की नीयत को उजागर करने के लिए काफी था।

कानून की आड़ में सच्चाई को दबाने की कोशिश

लोक सूचना अधिकारी ने धारा 8(1)(j) और व्यक्तिगत जानकारी का हवाला देकर जवाब देने से इनकार कर दिया — वही धारा जो जाँच एजेंसियों के लिए बनाया गया है पर उस धारा को जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी उसे अब व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए और अब वह फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार छिपाने का औजार बन चुकी है। जब मुकेश श्रीवास निवासी सिविल लाइन मंडला ने कलेक्टर के समक्ष प्रथम अपील दाखिल की, तो वहां भी फाइल ठंडी पड़ी रही। न सुनवाई हुई, न कार्यवाही। इसके बाद नियमानुसार द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग भोपाल भी इस मामले में आयोग के द्वारा मौन साधा गया।

आखिरकार कोर्ट की शरण

निराश और आहत होकर मुकेश श्रीवास ने उच्च न्यायालय जबलपुर का दरवाजा खटखटाया। याचिका की सुनवाई में कोर्ट ने स्पष्ट नाराजगी जताई और सभी संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी कर पूछा - आखिर सूचना क्यों रोकी गई? चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है।

याचिका में मुकेश श्रीवास के अधिवक्ताओं प्रभात कुमार यादव और अमर प्रकाश गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि उक्त कर्मचारी की नियुक्ति पूरी तरह से संदिग्ध है और फर्जी कूटरचित दस्तावेज़ों के आधार पर हुई है जो जाँच का विषय है उक्त कर्मचारी के द्वारा एक पात्र व्यक्ति का हक छीनकर स्वयं उस पद पर बैठी हुई है। वहीं शासन की ओर से अधिवक्ता प्रमोद कुमार पांडे ने जवाब देने के लिए समय मांगा है।

अगर दस्तावेज असली हैं? तो चुप्पी क्यों

यह सवाल अब पूरे सिस्टम से पूछा जाना चाहिए: अगर दस्तावेज़ सही हैं, तो उन्हें देने में हिचक क्यों? और अधिनियम के अव्हेलना क्यों और यदि फर्जी हैं, तो अफसरशाही उन्हें बचाने में क्यों लगी है?

यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति की फर्जी नियुक्ति का नहीं है, यह हमारे पूरे सरकारी तंत्र के चरित्र का आईना है। जब एक साधारण RTI कार्यकर्ता लोक सूचना अधिकारी से लेकर राज्य सूचना आयोग तक जानकारी लेने पहुँच गया पर जो जानकारी प्रदाय योग्य है वह नही प्रदाय की गई, पूर्व में आयोग से वही जानकारी RTI के आवेदन एक लोक सेवक की होना बताया गया और उसे प्रदाय योग्य कहते हुए आदेश जारी किया गया पर अब वही जानकारी में आयोग ने जानकारी प्रदाय न करने आदेश जारी करती है क्या नियम व्यक्ति विशेष के लिए बनाया गया है क्या RTI एक्ट चेहरा और पद देख कर जानकारी दी जायेगी ये बड़ा सवाल है कि आज में RTI एक्ट में हर कार्यालय के एक अपना अलग नियम क़ानून बना रखा है, और देश में अधिनियम लागू हुए लगभग बीस वर्ष बीतने के बाद भी अधिनियम की जानकारी से विभाग के जिम्मेदार आनविज्ञय है और भिन्न भिन्न धाराओं और का हवाला देकर बचने की कोशिशें करते आ रहे हैं, और आज एक RTI का आवेदन महज़ केवल अफ़सरशाही के हाथों तक सीमित रह गया हैं RTI कार्यकर्ता को अपनी बात कहने के लिए जबलपुर हाईकोर्ट तक जाना पड़े, तो समझ लेना चाहिए कि नीचे से लेकर ऊपर तक कुछ न कुछ सड़ रहा है।

क्या अब भी न्याय रुकेगा, या इस बार कोई उदाहरण बनेगा?

वही इस याचिका की परिणति न केवल एक फर्जी नियुक्ति का फैसला करेगी, बल्कि यह तय करेगी कि RTI जैसे कानून का भविष्य कितना सुरक्षित है। हमारी नजर अब हाईकोर्ट की अगली कार्रवाई पर है।

आदि उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन होगा

मण्डला। मंडला जिले के रामनगर में 4 एवं 5 मई को आदि उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 4 मई 2025 को आदि उत्सव में प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विशिष्ट अतिथि जुएल ओराम केन्द्रीय मंत्री जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार होंगे। कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि मंत्री कुंवर विजयशाह, जनजातीय कार्यविभाग लोक परिसंपत्ति प्रबंधन भोपाल गैस त्रासदी एवं पुर्नवास विभाग, अंतर सिंह आर्य अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग, मंत्री श्रीमती संपतिया उइके लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्री अशोक उइके सामाजिक कल्याण मंत्रालय महाराष्ट्र सरकार, डॉ. कुबेर डिंडोर मंत्री आदिवासी मंत्रालय गुजरात सरकार, मंत्री बाबूलाल खराड़ी जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्रालय राजस्थान सरकार, मंत्री संजीव गौंड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक चैनसिंह वरकड़े, अध्यक्ष जिला पंचायत संजय कुशराम होंगे। आदि उत्सव कार्यक्रम में 4 एवं 5 मई को लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/ निकाह योजना, ट्रायबल्स मिलेट्स फेस्टिवल, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग शिविर और आदिवासी संगोष्ठी का आयोजन होगा। 5 मई को आयोजित आदि उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे तथा दुर्गादास उइके केन्द्रीय राज्यमंत्री जन.जा. कार्य मंत्रालय भारत सरकार, श्रीमती सावित्री ठाकुर केन्द्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार, मंत्री श्रीमती संपतिया उइके लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक चैनसिंह वरकड़े एवं अध्यक्ष जिला पंचायत संजय विशिष्ट अतिथि होंगे।

148वीं वाहिनी के.रि.पु. बल के जवान ने रक्तदान कर बचायी जान

मण्डला। 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा कमाण्डेंट श्री विक्रांत सारंगपाणि के निर्देशन में मण्डला जिले के नियमित रूप से जरूरतमंदों की सहायता की जा रही है, इसी तारतम्य में संतोष परते निवासी-घाघा, थाना-महाराजपुर, जिला-मण्डला के 14 वर्षीय पुत्र अंशुल परते को एस-एनीमिया बीमारी के कारण 'ए पॉजिटिव' रक्त की आवश्यकता होने पर डॉक्टर प्रवीण उइके, जिला चिकित्सालय मण्डला द्वारा एक यूनिट 'ए पॉजिटिव' रक्त चढ़ाने की सलाह दी गई किन्तु ब्लड बैंक में 'ए पॉजिटिव' रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से संपर्क किया गया। जिस पर वाहिनी में तैनात सिपाही/जीडी प्रकाश कुमार हलकऱ द्वारा एक यूनिट 'ए पॉजिटिव' रक्त दिनांक 01/05/2025 को चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान कर, रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता यह संदेश दिया।

औरई में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

माँ सिद्धेश्वरी धाम कान्हा रोड़ औरई में रविवार से श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ कलश यात्रा, पंचांग पूजन, मंड़प प्रवेश के साथ किया जाएगा। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ यज्ञाचार्य (वेदाचार्य) प्रमोद शुक्ल, व्याकरणाचार्य ओमप्रकाश परौहा बिलासपुर छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा। श्रीमद्भागवत कथा महापुराण कथा व्यास डॉ. नर्मदा प्रसाद शर्मा भागवत ज्ञान गंगा की रस बर्षा करायेंगे। 4 मई रविवार से प्रारंभ धार्मिक आयोजन में प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रतिदिन यज्ञ संचालित होगा। श्रीमद्भागवत कथा का प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगी। जिसका समापन 12 मई को श्रीमद् भगवत गीता सहस्त्रनाम पाठ, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति उपरांत विशाल भंडारा के साथ सम्पन्न होगा।

भागवत पुराण को सुनने वाले भक्त मोक्ष प्राप्त करते हैं-पं. संतोष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

बिछिया के खटोला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज पूजन, हवन एवं भण्डारा के साथ समापन होगा। वहीं शनिवार को कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि उन्होंने बताया कि भागवत पुराण को सुनने वाले भक्त मोक्ष प्राप्त करते हैं। जिस तरह राजा परीक्षित श्राप से मुक्त हुए, उसी तरह कई राक्षस और पापी भी परमात्मा की शरण में जाकर मुक्ति पा गए। श्रीमद्भागवत पुराण को सभी ग्रंथों में महापुराण की संज्ञा मिली है। शास्त्री जी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और समाजधर्म का ज्ञान देती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दिव्य देह का तेज इस महापुराण में प्रवेश करा दिया था। इसलिए इसे भगवान का शरीर माना जाता है तथा इसे सुनने मात्र से तमाम तरह के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। कथा व्यास ने कहा कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, तब परमात्मा स्वयं आकर लीलाएं करते हैं। बताया गया कि 27 अप्रैल से 4 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है।

अनदेखी | **फूल सागर तिराहे में खुलकर बिक रही शराब।**

हाइवे के किनारे दुकानों में बिक रही शराब

*** शराबियों का लगता जमघट।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नर्मदा तट पर शराब बंदी के बावजूद खुलेआम शराब का विक्रय आखिर किसके संरक्षण में हो रहा है आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन दूर दराज के ग्रामों में घरों के अंदर छुपा कर रखी शराब तो पकड़ने में कामयाब हो जाते हैं लेकिन नगर के अंदर एवं हाईवे के ऊपर सड़क के किनारे ढाबों में किराना दुकानों में जो शराब विक्रय की जाती है उसे क्यों नहीं पकड़ पाते यह समझ से परे है।

शराब के शौकीनों को तो यहां के बारे में पता होता है लेकिन पुलिस एवं आबकारी विभाग इससे अनजान होते हैं इन ठिकानों तक शराब बाकायदा रोजाना वाहनों के माध्यम से पहुंचाई जाती है लेकिन गस्त कर रहे इन अधिकारी कर्मचारियों को इसकी भनक भी नहीं लगती यह कैसे संभव हो रहा है।

बिना साधन के सहयोग नहीं होता और बिना सहयोग के इस तरह के धंधे चल नहीं सकते लिहाजा साधन तो यह शराब माफिया के लोग ही उपलब्ध कराते हैं और इसके बदले आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन इनका जमकर सहयोग कर रहा है।

पिछले काफी समय से फूल सागर तिराहे में जमकर शराब खोरी हो रही है और कोई कुछ कर नहीं पा रहा इस तिराहे में जो दुकाने हैं उनमें से कुछ दुकानों में सुबह 4:00 बजे से ही शराब उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है।

इस जगह में शराब के लिए बड़ी संख्या में ट्रक खड़े होते हैं जिनके चालक परिचालक शराब पीते हैं और फिर उपद्रव भी यहीं करते हैं अनावश्यक विवाद यहां रोजाना की स्थिति बन गई है।

तिराहे में खड़े वाहनों से जाम की स्थिति बनती है और जाम की स्थिति से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है इन बाहर के लोगों के साथ स्थानीय युवक भी शराब के शौकीन होते जा रहे हैं आसानी से उपलब्ध होती शराब युवाओं को बिगाड़ रही है उन्हें गलत कार्यों के लिए प्रेरित कर रही है घर परिवार में कलह की स्थिति निर्मित होती है लेकिन करें तो क्या करें और करें तो कौन करें जिन्हें इस पर कार्यवाही करना है वे तो अपना हिस्सा लेकर मूक दर्शक बने हुए हैं अब शायद इंतजार उस स्थती का है जबकि कोई बड़ी दुर्घटना इस स्थान पर होगी तभी शायद इस पर विराम लग सकेगा स्थानीय लोगों के बीच भी इस व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश की स्थिति बनती जा रही है। इन किराना दुकानों में आपको देशी-विदेशी सभी तरह की शराब उपलब्ध हो रही है और 24 घंटे यह सुविधा उपलब्ध होती है ऐसे में शराबी तो जुटेंगे ही और उपद्रव भी जमकर मचेगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वरोजगार सृजित करने 20 दिवसीय प्रशिक्षण

भुआबिछिया। शासकीय कन्या उच्च विद्यालय बिछिया में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत 20 दिवसीय आन द जॉब ट्रेनिंग की शुरुआत की गई। VTP (DCI MULTI SKILL PVT LTD) कंपनी के द्वारा हेल्थ केयर ट्रेंड के छात्राओं शामिल थे। प्रशिक्षण प्रति दिन सुबह 10 से 2 बजे तक चल रहा है। प्राचार्य वीरेंद्र कुमार परतेती ने बताया की यह ट्रेनिंग छात्राओं को रोजगार के अवसर सृजित हो इस उद्देश्य से शासन के निर्देश पर चल रही है। स्वास्थ्य सेवाएं से जुड़ी जॉब ओरियेंटेड ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वरोजगार प्राप्त हों।

खबर संक्षेप

शराब पीने के लिये पैसा न देने पर दुकान से मारपीट

गाडरवारा। शहर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के जगदीश वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि मै पुराना बस स्टैन्ड पर जनरल स्टोर की दुकान चलाता हूं। बीते हुये दिवस एक नवीन नामक युवक आया और शराब पीने के लिये पैसा मांगे। जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

मारपीट कर हड्डी तोड़ी

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस राजेन्द्र सोनी पिता प्रेमनारायण सोनी निवासी पतलोन टोला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है जब वह रात के समय रेल्वे स्टेशन से अपने घर जा रहा था उसी दौरान रास्ते में लक्ष्मण अहिरवार मिला और किसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। प्रार्थी द्वारा जब गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा पटक देने के कारण प्रार्थी के कंधे ही हड्डी में फैक्चर होने के चलते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामाला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

नलकूप की मोटर के पैसों की बात पर भाई ने भाई के साथ की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सुपानी निवासी हेमराज पिता जयराम रजक उम्र 45 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं व मेरा भाई प्रेमनारायण एक ही मोटर से संचाई करते हुये बीते हुये दिवस मोटर जल जाने के कारण उसको ठीक कराने के लिये पैसों की बात को लेकर भाई प्रेमनारायण तथा उनकी पत्नी द्वारा मुझे एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी भाई व भाभी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

पुलिस कर्मी ने दूसरे पुलिस कर्मी के साथ की गई मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस गाडरवारा रेल पुलिस थाने के अधीन पिपरिया रेल पुलिस चौकी में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक द्वारा अपनी साथी आरक्षक द्वारा मारपीट किये जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अंशुल रोहित रेल पुलिस आरक्षक जो चौकी पिपरिया में पदस्थ है। वह जब अवकाश के बाद वापिस आया और अपनी आमद देने के लिये गाडरवारा रेल पुलिस थाने पहुंचा जहां पर उपिस्थति की खानापूर्ति के उपरांत पास में बने हुये बैरिक में लेट गया। इसी बात को लेकर साथी पुलिस कर्मी दिलीप सैरकरबार द्वारा मौके पर रखे हुये पाईप से प्रार्थी आरक्षक अंशुल रोहित के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला कर जांच में लिया गया है।

हरिभूमि द्वारा मूक पशुओं को लेकर उठाई आवाज को प्रशासन ने किया नजरअंदाज तो समिति ने पहनाया अमली जामा, युवाओं की इस पहल पर पशु प्रेमियों द्वारा की जा रही सराहना....

बेसहारा प्यासे पशुओं के प्रति कौरव सेवा समिति की अनोखी पहल, नगर सहित चीचली व सूखाखैरी में रखवाई टंकियां

गाड़रवारा हरिभूमि

प्यास से व्याकुल होकर शहर की सड़कों पर घूम रहे मूक पशुओं के प्रति किसी जनप्रतिनिधि को नहीं आ रही दया..

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब तेज तपन का दौर शुरू होता है तो लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। यदि कोई जरूरी कार्य से निकलता है तो अपने साथ ठंड पानी की बाटल लेकर चलता है जिससे प्यास लगने पर वह तुरंत अपने कंठ को ठंडक पहुंचा सके। वही दूसरी ओर समाज सेवियों द्वारा लोगों को ठंडे पानी की व्यवस्था को लेकर जहां तहां फ्रिज से लेकर प्याऊ खुलबाई जाती है। मगर नगर की सड़को पर घूमने वाले उन मूक पशुओं को शायद ही किसी को चिंता रहती हो...? क्योंकि यह मूक पशु न तो किसी से पानी मांग सकते है और न ही नल चलाकर पी सकते है उनके सामने मात्र एक ही विकल्प होता है कि वह चुपचाप नालियों में बहने वाले गंदे पानी से गर्मी के दिनों में अपने प्यास को बुझा लेते है। क्योंकि नगर की जीवन रेखा माने जाने वाले शक्कर नदी सहित क्षेत्र के अन्य सभी नदिये हर साल गर्मी आने के पहले ही अपने धाराओं को समेट लेती है। इस स्थिति में नगर में घूमने वाले पशुओं को पानी पीने का एक मात्र सहारा शक्कर नदी भी साथ छोड़ देने के कारण यह पशुओं शहर की सड़को पर प्यासे भटकते हुये देखे जाता है। यह बात अलग है कि जब किसी के घर के सामने कोई वर्तन पानी से भरा दिखाई पड़ता है तो यह मूक पशु उससे अपनी प्यास बुझाने की कोशिश करते है । मगर बदले में उन्हे दो तीन लाठियाँ खाना पड़ती है और लोगों को गालियों का तोहफा तो आम बात रहती है...? इस सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा बीते हुये कुछ सालों से लगातार नगर में भ्रमण करने वाले मूक पशुओं को शहर में जल सप्लाई होने वाले नलकूपों के पास टंकियों के निर्माण की मांग उठाई जाती रही है। मगर आज तक इस ओर किसी के द्वारा कोई ध्यान देना तक उचित नही समझा गया है जिसके चलते बेचारे मूक पशु इस समय पड़ रही गर्मी के दौरान में सड़को पर प्यासे कंठ भटकते हुये देखे जा रहे है। इस तरह नगर के प्रमुख स्थानों पर मूक पशुओं के लिये पानी पीने के लिये टंकियों को निर्माण को लेकर बीते हुये माह यानि की 19 अप्रैल के अंक में इस वर्ष प्रमुखता से छापते हुये नगर पालिका प्रशासन को एक बार फिर ध्यान आकर्षित कराने के प्रयास किया गया था। मगर इसके बाद भी शायद प्रशासन के जम्मेदारों द्वारा इन पशुओं के प्यासे कंठो की सच्चाई को गंभीरता से नही लिया गया होगा जिसका परिणाम रहा है कि नगर में जहां तहां यह मूक पशु प्यास से ब्याकुल होते हुये गंदी नालियों का सहारा लेने के लिये मजबूर हो रहे है। इस तरह नालियों में अपने प्यास बुझाने के दौरान अनेको बार देखा जाता है कि छोटे बछडे नालियों के गहरे होने के कारण गिरकर घायल होने से नही चूक पाते है। इस प्रकार से हरिभूमि द्वारा बीते हुये कुछ वर्षो से गर्मी आने के पहले हर वर्ष लगातार इन बेजुबान पशुओं की जुबान बनकर उठाई जाने वाली इस मांग को समाज सेवा में अग्रसर रहने वाली कौरव सेवा समिति द्वारा गंभीरता से लेते हुये। लगातार तीसरे साल नगर सहित समीपस्थ चीचली व ग्राम सूखाखैरी में अलग अलग दो दर्जन से भी अधिक स्थानों पर खुद के खर्च से छोटी छोटी पानी की टंकियों को खरीदकर स्थापित करने के साथ उनमें पानी भरने के लिये अलग अलग युवाओं को तैनात किया गया है। इस तरह मूक पशुओं के प्यासे कंठों को ठंडक पहुंचाने के लिये कौरव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा छेड़ी गई इस मुहिम में कौरव सेवा समिति के सदस्याओं द्वारा पशुओं के प्रति बनाई गई इस अनोखी पहल को अमलीजामा पहनाते हुये अलग अलग स्थानों पर छोटी छोटी टंकियों को रखने के साथ उनमें ठंडा पानी भरते हुये पशुओं की प्यास बुझाने की अनोखी पहल शुरू की गई है। क्योंकि इन दिनों सूरज की तेज तपन का आलम इस तरह देखा जा रहा है कि पारा उग्र होते हुये आग बरसाने की ओर पहुंचने में कोई कसर नही छोड़ रहा है जिसके चलते लोग अपने घरों में लुकने के लिये मजबूर होते चले जा रहे है तो ठंडक का अहसास पाने के लिये अनेक प्रकार के ठंडे द्रव्यों का सेवन करते हुये दिखाई देने लगे है। मगर इस स्थिति में शहर की सड़को पर घूमने वाले मूक पशुओं को अपनी प्यास बुझाने के लिये कोई सहारा नही होने के कारण इन बेजुवानों का सहारा कौरव सेवा समिति बन रही है। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा की गई पहल की जहां लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है तो दूसरी ओर आज तक शायद ही नगर में इन मूक पशुओं को लेकर कौरव सेवा समिति के आलवा समाज सेवी मुकेश बसेड़िया को छोड़कर अन्य किसी के दिलों में इस तरह की सोच पैदा हुई हो..? यह बात अलग है कि लोगों द्वारा जहां तहां ठंडे पानी के लिये फ्रिज से लेकर प्याऊ खुलबाते हुये अखबारों की सुर्खियों में छाने की कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर इन मूक पशुओं की सच्चाई को सभी लोगों द्वारा नजर अंदाज किया जाता रहा है। इस प्रकार नगर में लगातार दूसरे साल कौरव सेवा समिति द्वारा इन मूक पशुओं के प्यासे कंठों को ठंडक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में जब कौरव सेवा समिति के सदस्य राजेश पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि जब किसी व्यक्ति को प्यास लगती है तो वह महंगी से महंगी ठंडे पानी की बाटल खरीदकर अपनी प्यास बुझा लेता है। इसी तरह इन मूक पशुओं को भी इस समय पड़ रही गर्मी में प्यास लगती होगी। मगर इनकी ओर आज तक किसी ने ध्यान देना उचित ही नही समझा गया है। इसी बात को लेकर हमारी कौरव सेवा समिति द्वारा इन पशुओं को पानी पीने के लिये नगर सहित चीचली व सूखाखैरी में छोटी छोटी टंकी रखते हुये उनमें पानी भरा जा रहा है। इसी प्रकार से राघवेन्द्र कौरव रहली वालों का कहना है कि नगर में पशुओं को पानी पीने के लिये एक मात्र नदी ही है जहां पर पशु पहुंचकर पानी पीते है। मगर हर साल देखा जाता है कि गर्मी आने के पहले ही शक्कर नदी की धाराये समट जाती है और जो पानी शेष बचता है वह पीने लायक नही होने के कारण सड़को पर घूमने वाले पशु गंदी नालियों का पानी पीने के लिये मजबूर होते है। मगर हमारी कौरव सेवा समिति ने इन पशुओं को पानी पीने के लिये व्यवस्था कराते हुये अलग अलग स्थानों पर टंकी स्थापित की गई है। इसी प्रकार से संजय कौरव का कहना है कि लोग गर्मी के दिनों में अपने घरों में छोटे छोटे वर्तन लगाकर पक्षियों को पानी पिलाने के लिये रखते है। मगर सड़को पर बेजुबान घूमने वाले इन पशुओं को हर कोई नजर अंदाज कर देते है। जिसके चलते प्यास से व्याकुल होकर यह पशु सडको पर भ्रमण करते हुये देखे जाते है। चाहे तो नगर पालिका प्रशासन नगर में अलग अलग स्थानों पर नलकूपों के पास छोटी छोटी टंकी बनवा सकती है जिसमें यह पशु पानी पी सकते है। मगर प्रशासन इस तरह की कोई पहल नही किये जाने के चलते कौरव सेवा समिति द्वारा इन पशुओं को गर्मी के दिनों में पानी पीने की व्यवस्था बनाई है। इसी प्रकार से ब्रजेश कौरव भमका वालों का कहना है कि लोगों को समाजसेवा के नाम पर बड़ी बड़ी बाते करते हुये तो देखा जाता है। मगर प्यासे घूमने वाले इन पशुओं के प्रति लोगों की विपरित सोच उनकी समाज सेवा पर प्रश्न लगाने से नही चूक पा रही है..? इस तरह गर्मी के दिनों में सड़को पर प्यासे घूमने वाले इन मूक पशुओं को पानी पीने के लिये कौरव सेवा समिति द्वारा अनेक जगहों पर टंकी रखी गई है। इन टंकियों में हमारी कौरव सेवा समिति के सदस्य प्रतिदिन पानी भरने का कार्य करेगे जिससे प्यासे पशु इनमें पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सके। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा नगर में पशुओं के प्रति छेड़ी गई यह मुहिम नगर ही नही संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ साथ उन लोगों को आईना दिखाने से नही चूक रही है जो आये दिन समाजसेवा के नाम पर एक केला के साथ दो दर्जन लोग खड़े होकर फोटो निकलवाते हुये सोशल मीड़िया पर अपने आपकों सबसे बडे समाजसेवी साबित करने का प्रयास करने से नही चूकते है।

शहर से लेकर गांव गांव में विदेशी, देशी शराब का अवैध रूप से कारोबार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। शहर से लेकर गांव गांव में विदेशी, देशी शराब का अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरफ्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है। यदि क्षेत्र में चलने वाले अवैध शराब के कारोबार की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो बीते हुये कुछ दिनों पहले गाडरवारा पुलिस द्वारा जिस तरह भारी मात्रा में पकड़ी गई शराब से ही सिद्ध हो रहा है कि गाडरवारा ही नही बल्कि सालीचौका, चीचली सांईखेडा क्षेत्र अवैध शराब के लिये गढ बन चुका है। इस तरह गांव गांव किराना सामग्री की तरह विक्रय हो रहे अवैध शराब के चलते युवा की जिन्दगी सिर्फ बर्बाद ही नही बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है..? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशा मुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है..? गौरतलब है कि शाम ढलने के बाद शराब की दुकानों पर युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव किराना दुकानों के समान शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते शहर से लेकर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के चलते युवा जो अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर इतने मस्त हो जाते है कि उन्हें अपने घरों की स्थिति का ध्यान नही रहता और रात को जब वे अपने घरों की दहलीज पर लड़खड़ाते हुए कदम रखते है तो महिलाएं बुरी तरह विचलित हो जाती है और घरों में कोहराम मच जाता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि शराब ने शहर लेकर गांवों का माहौल बिगाड़ दिया है। युवाओं, किशोरों को शराब पीने की लत लगने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। माँ बाप की आशाओं के अनुरूप वे अपना भविष्य नही बना पा रहे है और घरों में कलह हो रही है। लोगों का कहना है कि शराब के शौकीन युवा ठीक से घरों में भोजन नही कर रहे है और अपने माँ बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें परेशान करते हुए देखे जा रहे है। इतना ही नही यदि शराब की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शराब दुकाने रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है उसके चलते जहां नगर का संपूर्ण वातावरण दूषित हो रहा है तो दूसरी ओर ग्राम क्षेत्रों में जहां तहां किराना दुकानों के समान चलने वाली इन दुकानों पर होने वाली मारपीट के चलते आसपास रहने वाले किशोरों पर भी विपरीत असर पड़ते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के रहवासी क्षेत्र में संचालित होते हुये जो शराब की दुकाने युवाओं को आकर्षित कर रही है उन्हें नगर सीमा से हटाया जाए और पुलिस बीरान जगहों पर खुलेआम हो रही शराबखोरी पर भी अंकुश लगाने की पहल करे जिससे नगर में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

गंगा सप्तमी के अवसर पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भक्तों की भीड़, पूजन अर्चन करते हुये लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रधान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर पूर्णिमा व अमावस्या को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये शनिवार यानि की गंगा सप्तमी के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है । वही निश्चित तौर से बड़ा अनोखा है। क्योंकि मान्यता के अनुसार बैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी को गंगा जी व माँ नर्मदा जी का मिलाप होता है। इस तरह दो देवियों के मिलन के चलते इसे गंगा सप्तमी कहा जाता है और इस दिवस नर्मदाजी में आस्था की डुबकी लगाना गंगा स्नान के बराबर माना जाता है। इसी के चलते लोग गंगा सप्तमी पर माँ नर्मदाजी के तट पर माँ नर्मदाजी के साथ साथ गंगाजी को याद करते हुये पूजन अर्चन करने से नही चूकते है। इसी के चलते बीते हुये माँ नर्मदाजी व गंगाजी के मिलने के बीच शनिवार का दिन होना निश्चित तौर से त्रिवेणी संगम के बराबर महत्व वाला होने से नही चूक रहा था। इसी के चलते लोग इस त्रिवेणी संगम में गोता लगाने के लिये इस तरह आतुर होते हुये देखे गये की माँ नर्मदाजी के पावन तट जयकारों से सुबह 4 बजे से ही गूंजने लगे थे। वही माँ नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की नगर की सड़को पर रात भर लाईन लगी हुई देखी गई। इस तरह रात के समय पैदल नर्मदाजी के स्नान करने जाने वाले लोगों में सिर्फ पुरूष ही नही बल्कि इस तरह छोटे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थें जो गाडरवारा शहर के साथ यहां से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर से पैदल चलकर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये ककरा घाट जा रहे थें। इस तरह गंगा सप्तमी के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इसी तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर गंगाजी को याद करते हुये आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक धार्मिक आयोजन किये गये।

कायस्थ समाज आज मनायेगा चित्रगुप्त जयंती

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भगवान चित्रगुप्त जी की आज 4 मई को कायस्थ सभा द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ जयंती बनाई जावेगी। इस तरह नगर के गायत्री मंदिर में सायंकाल 6.30 बजे से समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त की जयंती मनाने के साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन पर भी चर्चा होगी। बताया जाता है कि विगत दिवस गायत्री मंदिर में आयोजन की रूपरेखा बनाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। बैठक में वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा सामाजिक एकता अति आवश्यक है। हमें समाज को एकजुट करने आगे आना ही होगा। कोई भी समाज बिना संगठित हुए तरक्की नहीं कर सकता। इसी प्रकार से समाज सेवी व समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरेश श्रीवास्तव ने कहा हमारे समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। नगर मे अनेक सामाजिक जनों ने सफलता के उच्च शिखर पर पहुंच कर सबको गौरवान्वित किया है। समाजहित एकजुटता में ही है सफलता है। इसलिये संगठन को मजबूत करना जरूरी है। वही समाज के वरिष्ठ विनोद श्रीवास्तव ने कहा हमारे बच्चे बाहर पढ़ने चले जाते हैं, जो समाज के लोगों को नहीं जानते। युवा पीढ़ी समाज से जुड़े इसके प्रयास किए जाने चाहिए। आशीष सक्सेना ने आज 4 मई को गायत्री मंदिर में शाम साढ़े छह बजे चित्रगुप्त जयंती मनाने और नई कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसममति से स्वीकार किया गया। बैठक में अरुण श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव साईं आशीष गार्डन, अक्षांश, नमामि सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थिति रहे।

श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। चीचली क्षेत्र के ग्राम रायपुर के शासकीय उ मा विद्यालय में शनिवार को गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर भारत माता की मूर्ति पूजन एवं स्थापना के तत्वाधान मे आज 4 मई से 12 मई तक श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कौरव ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि आज 4 मई को कलश यात्रा से यज्ञ का विधिवत शुभारम्भ होगा। वही कल 5 मई से विद्यालय के ही पास तुलसी मानस संस्कृति भवन मे प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन के दौरान संतों द्वारा भगवान की लीला का वर्णन सुनाया जावेगा। इस तरह प्रवचन सुनाने के लिये श्री श्री 1008 श्री जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज ('कांगड़ा पीठाधीश्वर' हिमाचल प्रदेश), श्री श्री राजीव लोचन दास महाराज (चित्रकूटधाम उ.प्र.),वीरेन्द्र शास्त्री 'मानस पपीहा' (संत बरहटा), साध्वी सुश्री प्रभा भारती (श्री वृंदावनधाम), शक्ति धाम पीठाधीश्वर दिवाकर महाराज (गौ माँ प्रेम क्रांति यात्रा रा.अ.) यज्ञाचार्य-धर्माचार्य पं. धर्मेन्द्र उदेनिया (चाँदनखेड़ा) तथा यज्ञ शिरोमणि पं.प्रकाशचन्द उदेनिया चाँदनखेड़ा द्वारा अपनी अमृतमय वाणी से भगवान श्रीराम जी की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा। वही आयोजन के अंतिम दिवस यानि की 12 मई को यज्ञ पूर्ण आहुति एवं भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा।

मौसम ने ली करवट, तेज तपन के बाद शाम को बारिश के साथ हुई बिनोरी की बारिश

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय पड़ी रही भीषण गर्मी व तेज तपन के चलते जहां आम लोगों को परेशान होते हुये तो देखा ही जा रहा है। मगर दूसरी ओर अन्नदाता किसानों द्वारा जिस प्रकार से अपने खेतों में गर्मी की मूंग फसल लगाई गई वह आग उगलते हुये सूरज की तपन को भी नजर अंदाज करते हुये खेतों में काम करते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर लगातार बिजली की हो रही अंधाधुंध कटौती से शहर के आम लोगों के साथ साथ सबसे अधिक परेशान किसानों को होते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि खेतों में तैयार हो रही मूंग फसल को पानी की जरूरत के चलते वह खेतों में खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। मगर बिजली कटौती के चलते किसान अपनी फसल को तैयार करने में परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इसी के बीच शनिवार को अचानक मौसम में हुये बदलाब के चलते गर्मी से राहत तो महसूस की जा रही है। मगर जिस तरह तेज आंधी व बारिश के साथ हुई ओलो की बारिश से अन्नदाता को फिर चिंता में डाल दिया गया है। बताया जाता है कि शनिवार की शाम लगभग 5 बजे अचानक आसमान पर काले बादल छाने के साथ साथ तेज हवा चलने के चलते जहां लोगों के घरों की छप्पर सहित अन्य प्रकार की सामग्री हवा में उड़ते हुये रफैल की तरह नजर आने से नही चूक रही थी। वही दूसरी ओर तेज बारिश के बीच शहर में छोटे आले यानि की बिनौरी की बारिश होने से गर्मी से राहत महसूस की जा रही है। मगर तेज आंधी का आलम यह देखने मिला की बिजली लाईनों में फाल्ट आने के कारण लोगों को परेशान होने के लिये मजबूर होना पड़ा है। इस तरह शनिवार की देर शाम तेज आंधी व बारिश के बीच छोटे ओले नगर में तो गिरते हुये देखे गये। मगर समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र के पलोहा, खकरिया व कोठिया सहित अन्य गांवों में बेर साईज के आले गिरने के समाचार मिल रहे थें। वही समाचार लिखे जाने तक मौसम का हाल इस तरह बना हुआ देखा जा रहा था कि आसमान पर काले बादलों का डेरा रहते हुये बिजली चमकते हुये इस बात का अहसास कराते हुये प्रतीत हो रही थी कि कही ऐसा तो नही कि पहलगाम की घटना को लम्बा समय बीत जाने के बाद भी बदले की कार्यवाही में हो रही देरी के चलते अब भगवान द्वारा ही अपने अस्त्र शस्त्रों के माध्यम से युद्वाभ्यास की शुरूआत कर दी गई हो...?

खबर संक्षेप

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट क्रमांक 5 विद्युत उत्पादन के लिए होगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज, चचाई। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 5 ने दिनांक 1.10.2024 से दिनांक 18 4.2025 तक लगातार 200 दिन विद्युत उत्पादन करते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस दौरान इकाई ने 99.78 परसेंट पी ए एफ, 98.09 प्रतिशत पी एल एफ एवं 8.98% ऑक्सिलरी खपत कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के उपलक्ष में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) मिलिंदभान्दक्कर ने हर्ष व्यक्त करते हुए ताप विद्युत गृह के अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। 660 मेगावाट इकाई के कार्यों का अवलोकन मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) मिलिंदभान्दक्कर ने विद्युत गृह चचाई के मुख्य अभियंता तनवीर अहमद, मुख्य अभियंता सिविल पी सी निवारे एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता एस सी घोष के साथ चचाई में स्थापित होने वाली 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल इकाई के 33 केवी स्विच यार्ड 220 केवी एवं ई सी आर बिल्डिंग के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अभियंताओं एवं ठेकेदारों को समय सीमा में कार्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हित पर हुई चर्चा, नए सदस्यों ने परिषद् की ली सदस्यता

अनूपपुर हरिभूमि न्यूज। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् अनूपपुर के ब्लॉक कोतमा की बैठक 3 मई शनिवार को होटल शांति कोतमा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा द्वारा की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी द्वारा तीन नये सदस्यों को परिषद् में सदस्यता दिलाई। बैठक में संगठनात्मक कार्यो को गति देने एवं एकजुटता रखने की दिशा में यह बैठक मील का पत्थर साबित हुई। बैठक में जिले, ब्लॉक एवं ग्रामीण के पत्रकारों की समस्याओं, उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक सम्मान सें संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्षअमित शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता आज प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रही है, ऐसे में सभी साथियों को एकजुट रहकर कार्य करना चाहियें। संगठन एक ऐसी ताकत है जो हर पत्रकार के अधिकार की रक्षा करता है। इसके साथ ही आगामी 24 मई को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विस्तार से बताया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा अभिषेक द्विवेदी ब्लॉक इकाई कोतमा की बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हितों एवं उनकी सुरक्षा एवं परिषद् को मजबूत करने संबंधी बाते कही गई। संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन ने परिषद् के पत्रकारों पर आकास्मिक दुर्घटना वा उनके बीमारी के समय स्वेच्छानुसार उनकी आर्थिक मदद करने के लिए सभी साथी को तैयार रहकर मदद के लिये आगे आने, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा एवं जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा ने अधिमान्यता को और भी सरलीकरण किये जाने हेतु आगामी दिनों में दिये जाने वाले ज्ञापन में उक्त बिन्दुओं को जोड़ने, संभागीय संरक्षण मंडल के अध्यक्ष कैलाश पांडेय ने पत्रकारों को सत्यमेव जयते पुरूस्कार कार्यक्रम का आयोजन कर पत्रकारो को सम्मानित किये जाने संबंधी बाते रखी गई।बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा अभिषेक द्विवेदी ने तीन पत्रकारों मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल बिजुरी, दिनेश केवट एवं नरेन्द्र मिश्रा को परिषद् की सदस्यता दिलाते हुए उन्हे अपनी ब्लॉक की कार्यकारणी में प्रमुख रूप से स्थान देते हुए घोषणा की गई। जिसमें मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल एवं नरेन्द्र मिश्रा को कोतमा ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं दिनेश केवट को सचिव निर्वाचित किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, शहडोल और संभागीय संरक्षक मंडल अध्यक्ष कैलाश पांडेय, संरक्षण मंडल के महासचिव अरूण ओटवानी, संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन, संभागीय, संभागीय सचिव श्याम तिवारी ,अनूपपुर संरक्षक मंडल के अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, परिषद के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी,उपाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी मौजूद रहे।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान , गांव में गहराया जल संकट

ग्राम पंचायत सरपंच ने प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज शहपुरा - जिले के जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कटंगी के पोषक ग्राम धनौली में जलसंकट गहरा गया है। यहां के ग्रामीण पानी के इंतजाम के लिए परेशान हो रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर सरपंच द्वारा जनपद से लेकर जिला स्तर और पीएचई विभाग तक लिखित शिकायत 'भी. की गई है। इसके बाद भी समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों की मानें तो गांव की आबादी लगभग 700 के आसपास है। इतनी आबादी के लिए महज एक हैंडपंप है, वह भी एक सप्ताह से बंद है। ऐसी स्थिति में लोगों को पीने का पानी बहुत दूर से लाना पडता है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर बरबसपुर गांव हैं। यहां पर एक ही हैंडपंप है जिससे ग्राम बरबसपुर और धनौली के लोग पानी लाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में अत्याधिक गर्मी पड रही है। ऐसे में एक हैंडपंप से दो गांव के लोग पानी भरकर रोज़मर्रा की पानी की जरूरत पूरी करने मजबूर हैं।

सात सौ की आबादी में एकमात्र हैंडपंप वह भी एक सप्ताह से बंद

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 7:00 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक भीड, अधिक होने के कारण पानी भी नहीं भर पाते हैं। ग्राम पंचायत सरपंच भाग सिंह बरकडे ने बताया कि वे जनपद, जिला और पीएचई विभाग को लिखित सूचना दे चुके हैं। इसके बाद भी पानी की समस्या हल करने कोई पहल नहीं की जा रही है। सरपंच ने बताया कि यदि आदेश मिल जाए तो पंचायत द्वारा टैंकर से पानी की व्यवस्था की जाए। जनपद सीईओ आदेश नहीं कर रहे हैं तो ऐसे में पंचायत कैसे निर्णय ले।

कलेक्टर नेहा मारव्या ने मनरेगा परियोजना अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

जलगंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही का मामला

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी । कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा मनरेगा परियोजना अधिकारी प्रदीप शुक्ला को शासकीय कार्यों में उदासीनता और लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्रवाई 2 मई को आयोजित मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समाधान ऑनलाइन लाइन की बैठक में डिंडौरी जिले की जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खराब प्रदर्शन के आधार पर की गई।

बैठक के दौरान सामने आया कि जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत 216 नवीन तालाबों का निर्माण कार्य सीपरी एप से चिन्हांकित किए जा चुके होकर तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति होकर 147 कार्य प्रारंभ का प्रतिवेदन जिला पंचायत द्वारा दिए जाने के बावजूद सबसे पिछड़ा प्रदर्शित हो रहा था। पोर्टल पर इनकी जानकारी अद्यतन नहीं की गई थी। इस गंभीर लापरवाही के कारण जिले की प्रगति आंकड़ों में न्यूनतम दिखाई दी, जिससे जिले की साख को ठेस पहुँची।परियोजना अधिकारी प्रदीप शुक्ला को 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने 17 लाख की चोरी का किया सनसनीखेज खुलासा

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

जिला मुख्यालय के समीपी क्षेत्र साकेतनगर में हुई लाखों की चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। खास बात यह रही कि इस सनसनीखेज वारदात में चोर कोई बाहरी नहीं, बल्कि घर की बहू ही निकली। डिंडौरी पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 17 लाख से अधिक का मशरूका बरामद किया है।

ये है पूरा मामला

14 अप्रैल 2025 को साकेतनगर निवासी रामगोपाल तिवारी (उम्र 70 वर्ष) ने थाना कोतवाली डिण्डौरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 और 6 अप्रैल की रात उनके बंद घर से अज्ञात चोर सोने-चांदी के कीमती जेवरात एवं एक लाख रुपये नगद चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध क्रमांक 229/2025 अंतर्गत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में चौंकाने वाला खुलासा

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मेहंती मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और घटना स्थल के सूक्ष्म निरीक्षण के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंची कि चोरी में घर के किसी व्यक्ति की संलिप्तता हो सकती है।

पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा

फरियादी की बड़ी बहू प्रिया तिवारी ने अपने साथी आसिफ खान (निवासी विक्रमपुर) के साथ मिलकर इस चोरी की साजिश रची और घटना को अंजाम दिया। उन्होंने चोरी के जेवरातों को बेचने तथा नगदी को जबलपुर और विक्रमपुर में छिपाने की योजना बनाई थी।

मशरूका बरामद, फरियादी की बहु सहित सहयोगी गिरफ्तार

पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर

130.9 ग्राम सोने के जेवर, 3.682 किलोग्राम चांदी के जेवर तथा 1 लाख रुपये नगद जब्त किए। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 17,26,240 रुपये आँकी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका

इस सफलता में निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में उनि संजय धुर्वे, सउनि प्रवीण खम्परिया, सउनि विपिन जोशी, सउनि मुकेश बैरागी, प्रआर. 202 मुकेश प्रधान (सायबर सेल), प्रआर. 318 देवेन्द्र पटले, म.प्रआर. 196 बबीता तेकाम, आर. 211 सत्येन्द्र डेहरिया, आर. 167 विशाल पटेल, आर. 332 श्याम तिवारी, आर. 350 नीलेश साहू, म.आर. 416 भगवती रावत, आर. 20 जगदीश प्रसाद (सायबर सेल) एवं चालक आर. 395 मनोज कुंजाम की अहम भूमिका रही।

डैम घाट पुष्कर आश्रम में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। मां नर्मदा के उद्गम स्थल डेम घाट पुष्कर आश्रम में जहां विगत 9 वर्षों से अखंड श्रीराम कीर्तन जारी है, वहीं गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, राठौर समाज के वरिष्ठ सरवन सिंह ठाकुर, तुलसीराम (ग्राम डूंगरिया), अमर सिंह राजपूत, जय सिंह राजपूत, दीपभान राठौर, हीरामणि मोहारी, भुवनेश्वर राजपूत, उत्तम सिंह राजपूत,कुबेर सिंह ठाकुर, तान सिंह ठाकुर सहित डिंडोरी व अनूपपुर जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। ग्राम डूंगरिया निवासी तुलसीराम ठाकुर ने मंदिर निर्माण हेतु 1,11,000 रुपये की नगद राशि भेंट किया । कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। उपस्थित जनसमुदाय ने भगवान श्रीराम और मां नर्मदा के आशीर्वाद से ऐसे आयोजन सतत होते रहने की कामना की।

प्रबंधन गुपचुप तरीके से बंद कर रहा भदरा डिस्पेंसरी

जमुना/बदरा हरिभूमि न्यूज। एचएमएस के एरिया अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि संगठन को मिली जानकारी के अनुसार भदरा डिस्पेंसरी को बंद करने के नियत से डिस्पेंसरी का सामान उपकरण कोतमा कोलियरी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा रहा है शुक्ल ने महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र को लिखे पत्र में बताया कि अभी भी श्रमिक नगर, बीमा ग्राम में कर्मचारी निवाशरत ओर आवश्यकता के हिसाब से ट्रीटमेंट भी भदरा डिस्पेंसरी में लेते है। लेकिन बड़े खेद के साथ आपको अवगत कराया जा रहा है कि जेसीसी के बगैर सहमति के डिस्पेंसरी बंद करने का निर्णय ले लिया गया है। शुक्ल ने महाप्रबंधक को बताया कि संगठन यह जानना चाहता है कि यह निर्णय किसके द्वारा लिया गया जो अति निंदनीय है इस क्षेत्र में लगभग 4500 आवास है जो पूरी तरह से भरे हुए है यदि कोई कर्मचारी को आवास लेना हो तो मिलना मुश्किल है जबकि कर्मचारियों की संख्या मात्र 1900 के आसपास है

प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज करंजिया - वनाधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड करंजिया में शुक्रवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत करंजिया के तत्वावधान में एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें वनाधिकार मान्यता की जांच हेतु स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में एसडीओ फॉरेस्ट, जनपद पंचायत के सीईओ, रेंजर, बीट गार्ड, पटवारी, ग्राम सचिव, पेशा मोबिलाइजर, ग्राम वन समिति के सदस्य एवं जन अभियान परिषद के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने ग्राम स्तर पर वनाधिकार मान्यता की जांच प्रक्रिया को अधिक सशक्त, पारदर्शी और समन्वित बनाने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रशिक्षण में एसडीओ फॉरेस्ट द्वारा वनाधिकार मान्यता की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, आवश्यक दस्तावेजों की सूची, जांच एवं सत्यापन की विधि, फील्ड रिपोर्टिंग के तरीके, तथा समिति की भूमिका के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया केवल कागजी खानापूर्ति नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीणों के भूमि अधिकार और आजीविका सीधे रूप से जुड़ी हुई है।जनपद सीईओ ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षण प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जांच एवं रिपोर्टिंग प्रक्रिया में निष्पक्षता और तत्परता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे एसओपी का सख्ती से पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें।

समन्वय और टीमवर्क पर विशेष बल

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि वनाधिकार की मान्यता केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है जिसमें वन, राजस्व, पंचायत, ग्राम सभा और सामाजिक संगठन सभी की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि फील्ड लेवल पर किस प्रकार विभिन्न विभागों के कर्मचारी तालमेल बनाकर हितग्राहियों की जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से पूरा कर सकते हैं।

समिति की भूमिका और ग्रामसभा का महत्व

प्रशिक्षण में ग्राम वन समितियों और ग्राम सभाओं की भूमिका को भी रेखांकित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी वनाधिकार दावा की प्रारंभिक जांच और संस्तुति ग्राम स्तर पर ही होती है, इसलिए ग्राम सचिव, समिति सदस्य, पेशा मोबिलाइजर एवं अन्य स्थानीय कार्मिकों को एसओपी की अच्छी जानकारी होना आवश्यक है। उन्हें फॉर्म भरने से लेकर दस्तावेज सत्यापन और अनुशंसा तक की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

फील्ड स्तर पर कार्यवाही के निर्देश

प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर एसओपी के अनुसार कार्य करें और ग्राम स्तर पर वनाधिकार से संबंधित जांच प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे।

ग्रामीणों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में अहम कदम

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल विभागीय समन्वय को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि यह ग्रामीणों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक ठोस पहल भी सिद्ध होगा। वनाधिकार अधिनियम 2006 का सही क्रियान्वयन तब ही संभव है जब फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारी उसकी प्रक्रिया और प्रावधानों से भलीभांति परिचित हों।इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों में जहां जागरूकता बढ़ी है, वहीं यह संदेश भी गया है कि शासन की मंशा प्रत्येक पात्र हितग्राही को उसका अधिकार दिलाने की है, जिसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। करंजिया विकासखंड में आयोजित यह प्रशिक्षण आने वाले समय में अन्य विकासखंडों के लिए भी एक आदर्श उदाहरण बन सकता है।

जामवंती गुफा हथडोल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम हथडोल के समीप स्थित जामवंती गुफा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। विधानसभा शहपुरा के क्षेत्रीय विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे के द्वारा जामवंती गुफा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में विधायक श्री धुर्वे जी के द्वारा पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर जामवंती गुफा का सौंदर्यीकरण करने तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग किया गया था परिणामस्वरूप शनिवार को पर्यटन विभाग भोपाल से एक दल आया था जिन्होंने जामवंती गुफा के अंदर बाहर भ्रमण कर सौंदर्यीकरण से लेकर मूलभूत सुविधाएं, वाहन पार्किंग सहित अन्य विषयों पर अवलोकन किया। गौरतलब है कि विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के ग्राम हथडोल दौरे पर ग्रामवासियों ने जामवंती गुफा दिखाया था तब से विधायक श्री धुर्वे जामवंती गुफा का कायाकल्प करने में लगे हुए हैं। अभी हाल ही चैत्र नवरात्र में विधायक द्वारा जामवंती गुफा का मलबा निकलवाकर साफ सफाई कराया गया था और गुफा के अंदर विधायक जी के प्रयासों से 108 कलश जवारे बोए गए थे जहां नौ दिनों तक दिन रात भक्तों का जमावड़ा लगा रहा और देवी जस भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। मेंहदवानी शहपुरा मार्ग से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित जामवंती गुफा को देखने आए पर्यटन विभाग भोपाल के अधिकारियों के अलावा स्वयं विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, रविवार 4 मई 2025

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

खबर संक्षेप

आपदा प्रबंधन का तैराकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस आपदा प्रबंधन के अंतर्गत तीन दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट टी. आर. चौहान के नियंत्रण एंव पर्यवेक्षण में प्रारंभ किया गया। जवानों को लाइफ जैकेट पहनना, सही तरीके से लाइव जैकेट को कसना एंव तैराकी का प्रशिक्षण वीरेंद्र सिंह सूर्यवंशी के प्लाटून कमांडर, नीरज सिंह ठाकुर ए एस आई एंव सुंदरलाल हवलदार अनुदेशक के मार्गदर्शन में बरमान रेत घाट नर्मदा नदी में प्रारंभ किया गया

अनुपस्थिति पर सीएचओ को कारण बताओं नोटिस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शनिवार को विकासखंड अंतर्गत विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा सीएमएचओ डॉ एस एस ठाकुर के निर्देशानुसार उपस्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव हीरापुर एवं मुर्गाखेड़ा का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें डोंगरगांव एवं हीरापुर उपस्वास्थ्य केंद्र बंद पाए गए एवं ग्रामीण जनों द्वारा बताया गया कि उप स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के पदस्थ कर्मचारी माह में केवल टीकाकरण के दिवस या किसी बैठक में ही आते हैं शेष दिवस स्वास्थ्य केंद्र बंद रहता है स्वास्थ्य केंद्र हीरापुर में पदस्थ सीएचओ 14 अप्रैल से लगातार अनुपस्थित है उक्त उपस्वास्थ्य केंद्रों का पंचनामा तैयार कर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। उपस्वास्थ्य केंद्र मुर्गाखेड़ा मैं सीएचओ उपस्थित पाए गए उनके कार्यों व रिकॉर्ड का टीम द्वारा निरीक्षण किया गया व सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए विकासखंड स्तरीय टीम में सीबीएमओ डॉक्टर रिचा मिश्रा, बीपीएम अमरदीप मिश्रा, एवं दीपेश नेमा बीसीएम सम्मिलित रहे।

शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय सगरा करकबेल में पदस्थ रहे शिक्षक इमरत लाल रजक के 34 वर्षीय कार्यकाल की सेवानिवृत्ति अवसर पर करकबेल में जिला स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। पूर्व विधायक व मंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा किए गये सरस्वती पूजन उपरांत कवयित्री मेघा मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी, अतिथि स्वागत उपरांत शुरू हुआ काव्य पाठ किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पटेल, समाजसेवी गोपाल सिंह, रामजी पटेल, शरद नेमा, संकुल प्राचार्य रघुवीर सिंह, दीपक सोनी, कमलेश कहार, बौछार सरपंच श्रीमती अनीता श्रीवास्तव सहित आसपास के गाँव से पधारे गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन की दिलाई शपथ

नरसिंहपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में समीप ग्राम डेडवारा में स्थित प्राकृतिक झरना की जल संरचनाओं की साफ- सफाई की गई। इस दौरान नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई। साथ ही जल का महत्व भी बताया गया। साफ- सफाई उपरांत जल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों और किये जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया।

मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन का आयोजन, ब्रह्माण्ड घाट में चलाया सफाई अभियान

मां नर्मदा हमारी आस्था का केंद्रः श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

शनिवार को मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वाधान में मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने सहयोगियों के साथ नरसिंहपुर जिले के पवित्र ब्रह्माण्ड घाट पर मां नर्मदा के तटों पर सफाई अभियान चलाया

इस अभियान में जालम सिंह पटेल ने बताया कि मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा मां नर्मदा की स्वच्छता हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा मां नर्मदा हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का हिस्सा हैं। हमें इस बात पर गर्व है कि हमारा जिला मां नर्मदा के सानिध्य में है। लेकिन यह भी जरूरी है कि हम यहां स्वच्छता बनाए रखें।

नर्मदा हमारे जीवन का है आधार

पूजा-अर्चना के बाद तटों पर गंदगी छोड़ने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि नर्मदा की पवित्रता भी प्रभावित होती है। उन्होंने तटों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया इसके साथ ही उन्होंने बताया कि लगातार फाउंडेशन के सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ मां नर्मदा के मुआर घाट,महादेव पिपरिया घाट,एवं ब्रह्माण्ड घाट में सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी सदस्यों ने मिलकर तटों पर झाड़ू लगाई और कचरा इकट्ठा किया इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान तभी सफल हो सकते हैं जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छता में योगदान दे नर्मदा हमारे जीवन का आधार हैं।

बरमान में चलाया गया स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जिले में 30 जून तक लगातार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल व पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने जिले के बरमानखुर्द स्थित नर्मदा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कहा गया कि हम सब मिलकर नर्मदा की स्वच्छता और उसके संरक्षण की दिशा में आगे कदम बढ़ायें। यह पवित्र नदी हमारे जीवन की धारा है और इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान सभी ने एक साथ घाट व उसके आसपास की साफ- सफाई की। उन्होंने अनावश्यक पड़े कचरे को एकत्रित किया और उचित स्थान पर जाकर इन कचरे का निपटान किया।

स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश

हमें इसे स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ऐसे अभियानों से न केवल पर्यावरण को फायदा होता है बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है इसके उपरांत सभी सहयोगियों के साथ मां नर्मदा को सत्तू अर्पित कर सभी के साथ प्रसाद ग्रहण किया उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल देवी सिंह पटेल सुनील कोठारी संदीप ममार ब्रजेश माते उदय प्रताप मनमोहन साहू दीपक राय रामनारायण सोनी पंकज मोदी जितेंद्र स्वामी मनीष लुणावत भूपेंद्र ठाकुर प्रखर दुबे अभिषेक रघुवंशी सत्यन सैनी राजेश श्रीवास्तव कमलेश लोधी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समाज उपस्ति रहे।

लीनेस क्लब वीरांगना ने किया श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

लीनेस क्लब वीरांगना ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर स्थानीय विधायक चैराहा पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा श्रमिक समाज की नींव होते हैं। उनके अधिकारों की रक्षा करना और उनके योगदान को सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है। पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन ने श्रमशक्ति को हर कार्य में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, ष्श्रमिक बिना किसी दिखावे के समाज की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देते हैं।ष पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय ने श्रमिकों को रचनात्मक कार्यों की नींव का पत्थर बताया। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य मल्टीपल डायरेक्टर और संरक्षक रूपकला कटारे, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, उर्वशी पाठक सहित अन्य सभी सदस्यों ने श्रमिकों को गर्मी से बचाव हेतु गमछा, श्रीफल, पानी की बोतल और कोल्ड ड्रिंक प्रदान कीं। साथ ही, तिलक लगाते हुए, मिठाई से मुंह मीठा कराकर श्रमिकों का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

सीएम राइज स्कूल में समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

शासन के दिशा निर्देशानुसार स्थानीय सीएम राइज स्कूल मे 1 मई से 13 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन 5 गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्थानीय खेल गतिविधियां, नृत्य, क्षेत्रीय संगीत एवं वाद्य यंत्र वादन, पब्लिक स्पीकिंग, स्टार्टअप एवं वित्तीय साक्षरता की गतिविधियों में लगभग 100 छात्र छात्राओ ने सहभागिता कर विभिन्न विधाओं का अभ्यास किया और छात्र छत्राएँ रोमांचित हुए। समर कैंप में प्रतिदिन छात्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है जो यह प्रदर्शित करता है कि बच्चे समर कैंप की गतिविधियों से खुश है और संतुष्टि के साथ जीवन के लिए कुछ नया सीखने का भाव भी रखते है।

विद्यालय प्राचार्य प्रभात मिश्रा के मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार द्वारा सभी बच्चों को कैप वितरण कर उनके उत्साह में बढ़ोत्तरी की गई, साथ ही सभी संचालित विधाओं के प्रभारियों द्वारा विधाओं की रोचकता से संबंधित विचारों को सुनकर बच्चे और भी रोमांचित हुए। कार्यक्रम में शिक्षक देवेश वैद्य, सुशील दीक्षित, अभिनव लखेरा, महेंद्र सिंह लोधी, मनोज वैष्णव, विनोद बमनेले, दुर्गा प्रसाद धुर्वे, ब्रजेश जाट, अर्चना राजपूत, किरण दुबे, रामेश्वरी वर्मा एवं सुश्री श्रुति पटवा की उपस्थिति रही।

एग्री एक्सपो में जिले के उत्पादों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस मंदसौर जिले में आयोजित वृहद कृषि सम्मेलन एवं एग्री एक्सपो 2025 में नरसिंहपुर जिले के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर गाडरवारा की दाल और करेली के गुड़ ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। यह उल्लेखनीय है कि गाडरवारा की दाल और करेली का गुड़ न केवल भारत में बल्कि कई अन्य देशों में भी अपनी गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं और हाल ही में इन्होंने बेंगलुरु में भी खूब वाहवाही लूटी थी। एक्सपो में नरसिंहपुर के स्टॉल का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव, कृषि मंत्री कंसाना और उद्यानिकी मंत्री ने नरसिंहपुर जिले के उत्पादों की सराहना की। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता और किसानों की मेहनत की प्रशंसा की। इस प्रदर्शनी में जिले की कोयवंशी कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड और पूजा शक्ति महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी करेली ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन कंपनियों ने मिलकर लगभग 5 क्विंटल अरहर दाल और 01 क्विंटल गुड़ की बिक्री की, जो उनकी सफलता को दर्शाता है। कृषि विभाग की ओर से अरुण परतेती, ब्लॉक तकनीकी सहायक, और गया प्रसाद ने जिले का प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया। जिले के कृषि उत्पादों की इस सफलता ने न केवल जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, बल्कि अन्य किसानों को भी गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और विपणन के लिए प्रेरित किया है। यह आयोजन किसानों को नई तकनीकों और बाजार की संभावनाओं से अवगत कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

जेल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के दिशा निर्देशानुसार केन्द्रीय जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि अखिलेश शुक्ला अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर की उपस्थिति में किया गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों और उनकी टीम के द्वारा बंदियों की शारीरिक जाँच, जनरल मेडिसिन, स्किन, दन्त रोग, एच आई व्ही एवं टी बी हेतु स्क्रीनिंग की जाँच कर प्राथमिक उपचार एवं दवाइयां वितरित की गयी। शिविर में 271 पुरुष बंदीं, 29 महिला बंदी इस प्रकार लगभग 300 बंदियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर स्वास्थ्य का लाभ लिया। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिन बंदियों के वकील नियुक्त नही है उन्हें विधिक साक्षरता के माध्यम से वकील नियुक्त कराने की सलाह दी गई और कहा कि न्याय प्राप्त करना सबका अधिकार है प्रत्येक व्यक्ति न्याय प्राप्त करने की दिशा में आवेदन निवेदन द्वारा कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। प्राथमिक उपचार एवं दवाईयाँ वितरण के साथ ही बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति सर्दी, खाँसी, बुखार, सर दर्द और साँस लेने में तकलीफ होने से तत्काल चिकित्सक से जाँच कराने की सलाह दी गई। आयोजन में उपस्थित देवेश मीणा सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर एवं केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर की ओर से मुख्य अतिथि महोदय का आभार व्यक्त करते हुए बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहने, खान-पान का विशेष ध्यान रखते हुए नियमित योगाभ्यास करने की सलाह दी। उक्त शिविर में जेल अधीक्षक, जेल उप अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, नरेन्द्र कुमार व्यास, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरियाल, आशीष खरे, ओंमकार झारिया फार्मासिस्ट के साथ ही समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

लू से बचने तेज धूप में ना निकलें अधिक तापमान से आकर अचानक ठंडे वातावरण में ना जायें

तेंदूखेड़ा।

इन दिनों अधिक तापमान के चलते भीषण गर्मी पड़ रही है। वहीं अचानक बादल छा जाने से उमस भरी गर्मी के चलते आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। ऐसे समय में बच्चों को लू से तेज बुखार उल्टी दस्त पेट दर्द की घटनाएं ज्यादा तर देखनें को मिला करतीं हैं।ऐसी स्थिति में विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। साफ सफाई के साथ सावधानी बरतनी चाहिए।हमारे प्रतिनिधि ने इस संबंध में विशेषज्ञ डाक्टरों से चर्चा की है। जिन्होंने कुछ आवश्यक उपाय बताए हैं। इनमें ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल का कहना है कि तेज धूप से आकर तत्काल ठंडे वातावरण में नहीं आना चाहिए।ऐसे में लू लगने का विशेष खतरा रहता है। पानी का विशेष ध्यान रखें।उबला हुआ या फिल्टर का पानी पियें।खाली पेट बिल्कुल ना रहें।गर्मी में अधिक पसीना निकलता है ऐसे समय में बार बार पानी पीना चाहिए।खुला हुआ अधिक तेल मिर्ची वाला भोजन या नास्ता नहीं करना चाहिए।

बाजार में बिकने वाले खुले वर्फ के गोले और आइसक्रीम ना खायें

तेंदूखेड़ा शासकीय अस्पताल में पदस्थ बच्चों के एम डी डाक्टर रामेश्वर पटेल बताते हैं कि बच्चों को ज्यादा तर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद छायादार ठंडी जगह में ही रखना चाहिए। बच्चों को बाजार में खुले में बिकने वाले वर्फ के गोले आइसक्रीम ना खाने दें इसका विशेष ध्यान रखें। तथा धूप या गर्मी से आकर तत्काल कोलड्रिंक्स से प्यास ना बुझायें।बासा भोजन सामग्री बिल्कुल ना खाने दें।शरीर अधिक गर्म पड़ने लू लगने की स्थिति में छायादार जगह में लिटाकर ठंडे पानी के गीले कपड़े से शरीर को पोंछें तथा ओ आर एस का घोल पिलायें।

दिनचर्या का पालन करें औरपर्याप्त आराम करें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रौंसरा राजमार्ग में पदस्थ चिकित्सक डॉ. महेंद्र पटेल ने बताया है कि इन दिनों दस्त उल्टी डिहाइड्रेशन आदि के सर्वाधिक मरीज आ रहे हैं। धूप में घर से बाहर निकलना एवं शादियों का सीजन होने के कारण समारोहों में तेल व मसालेदार चीजों का सेवन इसका बड़ा कारण है। इससे पेट दर्द के साथ उल्टी-दस्त की समस्या भी हो रही है। बुखार के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए धूप में बाइक या पैदल सफर करते वक्त सिर में गमछा बंधा होना जरूरी है। बार-बार पानी पीते रहें ताकि शरीर हाइड्रेट रहे। एसी से निकलकर सीधे बाहर नहीं जाना चाहिए। पहले शरीर का टेंपरेचर नार्मल कर लें फिर धूप में जाएं। शादियों में असमय या देर रात खाने से बचें। तेल मसाले की चीजों का इस्तेमाल ना करें ज्यादातर सादा भोजन ही लें। उल्टी-दस्त बुखार आदि होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। छोटे बच्चों का अधिक ध्यान रखें।दोपहर के वक्त बाहर निकलने से बचें।

भागीरथी जलाभिषेक आज

तेंदूखेड़ा अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 4 मई को गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट पर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक व्यापक नर्मदा शुद्धि अभियान रखा गया है । जिसमें सभी गायत्री परिजन अपने परिचितों सहयोगीयों के साथ मिशन की वेशभूषा पर समय पर पहुंचेंगे ।स्वच्छता अभियान के समापन पर 11 बजे भोजन प्रसाद के साथ तेंदूखेड़ा एवं गाड़रवारा के परिजनों की ककरा घाट धर्म शाला पर आवश्यक गोष्ठी भी रखी गई है ।तेंदखेडा शाखा ने सभी परिजनों से उपस्थिति की अपील की है।

श्रीराम महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

तेंदूखेड़ा। वैशाख माह में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम मदनपुर खेरुआ में आज 4 मई से 12 मई के बीच श्रीराम महायज्ञ एवं नव निर्मित मंदिर में श्री राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव तथा 5 मई से संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।कल चार मई में विशाल कलशयात्रा मंडप प्रवेश के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञाचार्य पं बलराम प्रसाद शर्मा उपाचार्य पं प्रमोद पचोरी ब्रह्मा पं रवीन्द्र चौबे तथा पं मुकेश शर्मा के मार्गदर्शन में यह महायज्ञ संपन्न होगा।कल पांच मई से संगीतमय श्री राम कथा दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक पं कृष्णकांत जी शास्त्री के मुखारविंद से भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद किया जाएगा। आयोजन समीति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।